**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक :11.07.2025** **समय : 07.10 चउ**

**सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्रों का करेंगे वितरण।
- इन्दौर में ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन, 30 हजार करोड़ रूपयों के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त।
- पांच हजार से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों में बनेंगे दो सामुदायिक भवन।
- श्रावण मास की शुरूआत के साथ कांवड यात्राएं शुरू, शिव मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना जारी।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री रोजगार मेला**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर नियुक्त युवाओं को भी संबंधित करेंगे। 16वां रोजगार मेला देशभर में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रोजगार मेला युवाओं के सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**ग्रोथ कॉन्क्लेव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में आयोजित “मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव 2025 दृ सिटीज ऑफ टुमॉरो” का शुभारंभ किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा है कि आज के इस कान्क्लेव में 15 कंपनियों के माध्यम से 12 हजार 4 सौ तिहत्तर करोड के निवेश प्रस्तावों पर चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री ने कॉन्क्लेव में होटलए पर्यटनए रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों के प्रमुख निवेशकों से संवाद भी किया । मुख्यमंत्री ने बताया कि इस कॉन्क्लेव में 30 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए है।

**विश्वास सारंग**

भोपाल की नरोन्हा प्रशासन अकादमी में आज सीएससी दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए। उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया क्रांति के एक बड़ा आयाम बताया। उन्होंने कहा कि सीएससी के माध्यम से गांव गांव तक जनता को सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।
बाईट- विश्वास सारंगए मंत्री

**शिवराज सिंह कोयम्बटूर**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने आज तमिलनाडु के कोयम्बटूर में कपास उत्पादकता बढ़ाने को लेकर अहम बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारत में कपास का इतिहासए परिदृश्यए चुनौतियांए उत्पादकता बढ़ाने के लिए आगामी रणनीतियों पर गहन विचार.विमर्श हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंहए कई राज्यों के कृषि मंत्री और संबंधित अधिकारीए हितधारकए वैज्ञानिक और किसान उपस्थित रहे।
पंचायत भवन

प्रदेश में जिन ग्राम पंचायतों की आबादी 5 हजार से ज्यादा है उन पंचायतों में दो सामुदायिक भवन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही 10 से 12 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर वाली ग्राम पंचायत में उप यंत्री का कार्यालय बनाया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज बालाघाट जनपद पंचायत के ग्राम भरवेली में 64 लाख रुपए की लागत से बनाए गए ग्राम पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में यह घोषणा की । उन्होंने ग्राम पंचायत भवन परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी एवं समाज सेविका माता सावित्री बाई फुले की प्रतिमा का अनावरण किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया।

**जनसंख्या दिवस.नड्डा**

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। यह दिवस हर साल 11 जुलाई को बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों और अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है . मां और बच्चे के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए गर्भावस्था का स्वस्थ समय और अंतराल। प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। **खंडवा** जिले में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने

जन जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। **नीमच** जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। **अशोकनगर** और धार में भी इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किये गये।

**मुख्यमंत्री यात्रा**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव 13 से 19 जुलाई तक दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेश को लेकर इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल कॉउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख बैठक प्रस्तावित है

**मछलीघर एक्वा पार्क**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल में बनने जा रहे अत्याधुनिक मछलीघर एक्वा पार्क का कल भूमि-पूजन करेंगे। केंद्र सरकार ने इस प्रोजेक्ट के लिए 25 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी हैए राज्य सरकार का इसमें 15 करोड़ रुपये का सहयोग से 40 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना होगी। एक्वा पार्क न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेगा ।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए रायसेनए नर्मदापुरमए बैतूलं सहित 15 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। मौसम विभाग ने 15 जुलाई तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। इस बीच कल प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश हुई। मैहरएसीधीए सिंगरौली जिलों भारी बारिश दर्ज  की गई। अमरपाटन में सबसे अधिक 5 इंच बारिश हुई। सतना के चित्रकुट में मंदाकनी नदी में एक युवक बह गया है जिसकी तलाश की जा रही है। झांसी-खजुराहों फोरलेन हाइवे पर भी पानी भर गया है।

**कांवड़ यात्रा**

श्रावण मास की कांवड़ यात्रा आज से शुरू हो गई है। सुबह से ही बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगाजल लेने के लिए उत्तराखंड के हरिद्वारए ऋषिकेशए नीलकंठ महादेव और गंगोत्री धाम पहुँच रहे हैं। कांवड़ यात्रा को देखते हुए सरकार और प्रशासन ने यात्रा की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। प्रदेश में आज से कांवड़ यात्रा का सिलसिला शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज उज्जैन में त्रिवेणी शनिमंदिर से कावड़ यात्रा में शामिल हुए।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- इंदौर में आज सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा स्माइल योजना पर राष्ट्रीय कार्यशाला प्रशिक्षण और हितधारक परामर्श का आयोजन किया गया।
- कटनी जिले में महापौर प्रीति सूरी ने पीएम आवास योजना (शहरी) के 209 आवासों के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए।
- सीहोर जिले के आष्टा में विधायक गोपाल सिंह ने रोजगार मेले का शुभारंभ किया, मेले में 592 युवक युवतियों का चयन किया गया।
- झाबुआ जिले में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जल जीवन मिशन और कृषि संबंधित विभागों की योजनाओं की समीक्षा बैठकें आयोजित की गईं।
- नर्मदापुरम जिले में सहायक संचालक मत्स्योद्योग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मत्स्य पालकों को सम्मानित किया गया।
- सिंगरौली जिले में युवा संगम स्वरोजगार,रोजगार,अप्रैटिसशिप मेले का आयोजन 15 जुलाई को रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर में किया जाएगा।
- भारत और इग्लैण्ड के बीच जारी तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में इग्लैण्ड की पारी 387 रनों पर समाप्त हुई। भारत की ओर से बुमराह ने पांच विकेट लिये।